
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

जयंती विशेष

30 जनवरी 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि प्रसन्नता है। जिसने इसे प्राप्त कर लिया, उसका जीवन सार्थक हो गया ।

जयशंकर प्रसाद

( साहित्यकार )

जन्म : 30 जनवरी 1889 मृत्यु : 15 नवंबर 1937



राकेश कुमार


www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

30 जनवरी

मधु प्रिया


# शहीद दिवस 30 जनवरी



भारत देश हमेशा से ही वीरों की भूमि रहा है। इस देश में कई वीर सपूतों ने जन्म लिया है, और अपनी शहादत से इस देश की मिट्टी को पवित्र किया है। भारत में हर साल उन वीर शहीदों की याद में शहीद दिवस  मनाया जाता है। भारत में विभिन्न तारिखों पर शहीद दिवस मनाने की परंपरा रही है। इनमें से प्रमुख तिथियां हैं, 23 मार्च जो कि भगत सिंह, राजगुरू, और सुखदेव से जुड़ी हुई हैं और दूसरी है 30 जनवरी। यह तिथि महात्मा गांधी जी से संबंधित है। 24 नवंबर को भी शहीद दिवस मनाया जाता है, जो कि गुरू तेग बहादुर जी से संबंधित है। शहीद दिवस की तारीख अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन शहीद दिवस की भावना एक ही रहती है। हम भारतवासी अपने उन जाबांज क्रांतिकारियों को याद कर उनके लिए श्रध्दा सुमन अर्पित करने के लिए ही यह दिवस मनाते हैं। शहीद दिवस वाले दिन जगह-जगह पर देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस दिन शहीदों से जुड़ी प्रस्तुतियां और भाषण दिए जाते हैं। इस दिन कई तरह की प्रतियोगिताएं जैसे कि कविता वाचन,निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाता है। भारत में 30 जनवरी को महात्मा गांधी  की याद में शहीद दिवस मनाया जाता है।

30 जनवरी 1948 को एक ऐसा वाक्या हुआ, जिसने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया था। यह घटना थी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की हत्या की, जिसने सभी को सुन्न कर दिया था। इस दिन नाथूराम गोडसे ने बिड़ला हाउस में गांधी जी के सीने में तीन गोलियां मारीं, जिससे गांधी जी की मौत हो गई थी। कुछ देर बाद नाथूराम गोड़से को गिरफ्तार कर लिया गया, तो सुनवाई के दौरान उसने गांधी जी पर दोष लगाया कि देश के विभाजन में उन्हीं का हाथ था। इसी की याद में 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है और गांधी जी को श्रध्दांजलि दी जाती है। 30 जनवरी 1948 की शाम 4 बजे का वक्त था। उस दिन गांधीजी ने सरदार पटेल  को बातचीत के लिए बुलाया था। पटेल अपनी बेटी मणिबेन के साथ तय वक्त पर गांधी जी से मिलने पहुंच गए थे। गांधी जी प्रार्थना सभा के बाद भी पटेल से वार्तालाप करना चाहते थे, इसलिए उन्हें वहीं रुकने के लिए कहा गया था। लेकिन प्रकृति को कुछ और ही मंजूर था। पटेल के साथ बैठक के बाद प्रार्थना के लिए जाते समय गोडसे ने गांधी जी पर एक के बाद एक गोलियां चला दीं। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

# पुण्यतिथि विशेष 30 जनवरी



सत्य, अहिंसा एवं मानवता
के उपासक, त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति
राष्ट्रपिता

## महात्मा गांधी जी

की पुण्यतिथि पर

## सादर नमन।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि हर साल **30** जनवरी को मनाई जाती है, क्योंकि इसी दिन **1948** में नाथूराम गोडसे ने दिल्ली के बिड़ला हाउस में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी थी; इस दिन को भारत में शहीद दिवस **(Martyrs' Day)** के रूप में मनाया जाता है, जिसमें राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी जाती है और सत्य व अहिंसा के उनके सिद्धांतों को याद किया जाता है.

 राकेश कुमार

# जयंती विशेष 30 जनवरी




**जयशंकर प्रसाद** *Jaishankar Prasad*, जन्म: 30 जनवरी, 1889, वाराणसी, उत्तर प्रदेश - मृत्यु: 15 नवम्बर, 1937) हिन्दी नाट्य जगत् और कथा साहित्य में एक विशिष्ट स्थान रखते हैं। कथा साहित्य के क्षेत्र में भी उनकी देन महत्त्वपूर्ण है। **भावना-प्रधान कहानी लिखने वालों में जयशंकर प्रसाद अनुपम थे।**




# TOB
# खेल कॉर्नर




## ICC टी-20 रैंकिंग

## बैटिंग

| रैंक | प्लेयर | टीम | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक शर्मा | भारत | 929 |
| 2 | फिल सॉल्ट | इंग्लैंड | 849 |
| 3 | तिलक वर्मा | भारत | 781 |
| 4 | जोस बटलर | इंग्लैंड | 770 |
| 5 | साहिबजादा फरहान | पाकिस्तान | 763 |
| 6 | पथुम निसांका | श्रीलंका | 758 |
| 7 | सूर्यकुमार यादव | भारत | 717 |
| 8 | ट्रैविस हेड | ऑस्ट्रेलिया | 713 |
| 9 | मिचेल मार्श | ऑस्ट्रेलिया | 684 |
| 10 | टिम सीफर्ट | न्यूज़ीलैंड | 669 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 30.01.2026


## रचनात्मक सोच

रचनात्मक सोच **(Creative Thinking)** समस्याओं को नए, अपरंपरागत और मौलिक दृष्टिकोण से देखने की क्षमता है, जो लीक से हटकर **(out-of-the-box)** समाधान खोजने में मदद करती है। यह केवल कला तक सीमित नहीं है, बल्कि तर्क, कल्पना, जिज्ञासा और विश्लेषण का उपयोग करके व्यक्तिगत या पेशेवर जीवन में नवाचार **(innovation)** और उत्पादकता बढ़ाने का कौशल है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



ग्रुप कैप्टन **शुभांशु शुक्ला** को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर अपने **ऐतिहासिक स्पेस मिशन** के दौरान असाधारण **साहस** के लिए देश के सर्वोच्च शांतिकालीन वीरता पुरस्कार **अशोक चक्र** से सम्मानित किया जाएगा।


30 जनवरी
शहीद दिवस
महात्मा गांधी
जन्म: 2अक्टूबर 1869
निधन: 30 जनवरी 1948
Madhu priya

# जयंती पर नमन।



30 जनवरी 1889 -15 नवंबर 1937

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

**पुण्यतिथि विशेष**

**30 जनवरी 2026**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जब तक विनम्रता और सीखने की इच्छा न हो तब तक कोई ज्ञान अर्जित नहीं किया जा सकता।



\- मोहनदास करमचंद गांधी

(राष्ट्रपिता)

(2 अक्टूबर 1869 - 30 जनवरी 1948)

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org